# अरविंद, नीलम ने मवाना शुगर्स मैराथन जीती

नई दिल्ली, 17 फरवरी (भाषा)। उत्तर प्रदेश के अरविंद कुमार यादव और महाराष्ट्र की नीलम मारुति कदम ने रविवार को यहां मवाना शुगर्स इंडियन ओपन मैराथन का क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। सुबह काफी सर्दी होने के बावजूद मैराथन में 12,500 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया।

अरविंद और नीलम को मैराथन वर्ग में खिताब जीतने के लिए ढाई-ढाई लाख रुपए और उनके वजन के बराबर मवाना शुगर क्यूब्स दी गई। पिछले साल के उपविजेता अरविंद ने दो घंटे 21 मिनट और 44 सेकंड के समय के साथ खिताब जीता। महिला वर्ग में नीलम ने तीन घंटे एक मिनट और दो सेकंड का समय लिया। उन्होंने पिछले साल हाफ मैराथन वर्ग में हिस्सा लिया था और दूसरे स्थान पर रहीं।

हाफ मैराथन पुरुष वेटरन वर्ग में जवाहर प्रसाद ने एक घंटे 20 मिनट और 57 सेकंड के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि महिला वेटरन वर्ग में नीलू गुप्ता ने एक घंटे 24 मिनट और 37 सेकंड के साथ खिताब अपने नाम किया। हाफ मैराथन पुरुष वर्ग में विश्राम मीणा एक घंटे छह मिनट और 31 सेकंड के साथ शीर्ष पर रहे जबकि महिला वर्ग में किरण तिवारी ने एक घंटे 20 मिनट और 36 सेकंड के साथ खिताब जीता।

कुल 15 लाख रुपए इनामी राशि वाली इस मैराथन में दिल्ली पुलिस, भारतीय सेना, वायुसेना, अर्धसैनिक बलों, कारपोरेट घरानों और कालेज छात्रों सहित 12,500 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का आयोजन भारतीय एथलेटिक्स महासंघ और दिल्ली राज्य एथलेटिक्स संघ ने किया।

# कमल सिंह और मंदीप कौर ने जीती जम्मू मैराथन

जम्मू, 17 फरवरी (भाषा)। सेना के कमल सिंह रविवार को यहां चौथी जम्मू मैराथन में पुरुष वर्ग जबकि मंदीप कौर ने विवादों से भरी महिला वर्ग की रे में शीर्ष स्थान हासिल किया।

पुरुष वर्ग में दूसरा स्थान राम राज और तीसरा स्था रियाज अहमद ने हासिल किया। महिला वर्ग में जसप्रीत की दूसरे और नाजिश फातिमा तीसरे स्थान पर रही। हालांि महिला वर्ग की रेस थोड़ी विवादास्पद रही क्योंकि अंजि चौधरी ने कहा कि सबसे पहले फिनिश लाइन उन्होंने पार क है और उन्हें पहला स्थान मिलना चाहिए। लेकिन आयोजक ने कहा कि उनकी इसमें कोई भूमिका नहीं है और जज फैसले को ही माना जाएगा। पहला स्थान हासिल करने वाल को 21,000 जबकि उपविजेता को 11,000 रुपए और तीस स्थान पर रहने वाले को 5,100 रुपए की इनामी राशि मिली



मवाना शुगर्स मैराथन में दौड़ते धावक।